and when the projects are likely to be commissioned?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI DALBIR SINGH): (a) and (b). For the present, Hindustan Antibiotics Limited have planned, joint ventures in 3 States and accordingly they have signed agreements in respect of Joint Venture formulation units in Maharashtra, Karnataka and Goa only. The Maharashtra unit is nearing completion and it is expected that manufacturing operation will start in March, 1981. The other two units are in various stages of implementation.

घटिया स्तर की कीटनाशी दवाओं की खरीद

1118. **श्री निहाल सिंह :**
श्री आर० वाई० घोरपांडे :

क्या **रति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 25 सितम्बर, 1980 के 'नवभारत टाइम्स' में प्रकाशित इस समाचार कि करोड़ों रुपये की खरीदी गई कीटनाशी दवायें जिन्हें राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्य-क्रम के अन्तर्गत भेजा गया, घटिया क्वालिटी की थी, में क्या कोई सच्चाई है;

(ख) यदि हां, तो उन फर्मों के नाम क्या हैं जिनसे ये कीटनाशी दवायें खरीदी गई थीं; और

(ग) जांच के दौरान पाए गए दोषी अधिकारियों के नाम तथा उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई क्या है ?

रति और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अधीन 1976 और 1977 के दौरान बी एच सी 20 प्र० श० डब्ल्यू डी पी और मैलाथीन 25 प्र० श० डब्ल्यू डी पी की कुछ मात्रा खरीदी गई थी । राज्य मलेरिया संगठन, महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्राप्त मात्रा का कुछ अंश दिसम्बर, 1977 में सांविधिक प्राधिकरण अर्थात पौध संरक्षण निदेशालय, कृषि विभाग, महाराष्ट्र द्वारा घटिया किस्म का पाया गया था । इस बारे में फर्मों के साथ उत्पन्न हुए विवाद को विवाचक के सुपुर्द कर दिया गया था । पाइरोथीन पर आधारित पायसीकरण के योग्य लारवा नाशक तेल की सप्लाई के लिए मैसर्स शैलात ब्रादर्स मद्रास को दिये गये दो ठेकों में घटिया किस्म की कुछ मात्रा के बारे में रिपोर्ट प्राप्त हुई थी ।

(ख) जिन फर्मों का माल रद्द किया गया था, उनके नाम नीचे दिये गये हैं :—

बी. एच. सी. 50 प्र०श० डब्ल्यू०डी०पी०

1. मैसर्स कृषि चैमिन (प्रा०) लि०, बंगलौर
2. मैसर्स देवीदयाल सेल्स (प्रा०) लि०, बम्बई ।
3. मैसर्स एस एम पी (प्रा०) लि०, बम्बई ।
4. मैसर्स रैलिस इंडिया, बम्बई ।
5. मैसर्स यूनाइटेड फर्टिलाइजर, बम्बई ।
6. मैसर्स खानदेश पैस्टीसाइडस (डी एस आई डी सी)
7. मैसर्स किलपैस्ट (प्रा०) लि०, भोपाल ।

मैलाथीन 25 प्र०श० डब्ल्यू डी पी

1. मैसर्स एस एम पी (प्रा०) लि०, बम्बई ।
2. मैसर्स किलपैस्टर (प्रा०) लि०, भोपाल ।

पाइरेथोरम तेल

मैसर्स शैलात ब्रादर्स, मद्रास ।

(ग) विवाचन-प्रक्रिया का परिणाम मालूम हो जाने के बाद ही अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने के प्रश्न की जांच की जायेगी । पाइरोथीन के बारे में केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा प्रस्तुत की गई जांच रिपोर्ट पर विचार किया जा रहा है और रिपोर्ट की जांच पूरी हो जाने के बाद ही जिम्मेदारी निश्चित किये जाने के प्रश्न पर विचार किया जायेगा ।